बरेली, रविवार
15 अप्रैल 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24+4 =28

दैनिक जागरण

PAGE NO. 09 TOP

सौ छात्रों को एमबीबीएस की उपाधि

एसआरएमएस के 321 मेडिकल, पैरामेडिकल स्टूडेंट्स को बांटी गईं डिग्रियां

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज से एमबीबीएस, एमएस और एमडी की पढ़ाई पूरी करके 156 स्टूडेंट्स शनिवार को डॉक्टर बन गए। शनिवार को सातवें दीक्षा समारोह में मुख्य अतिथि बीएचयू की प्रोफेसर पद्मश्री डॉ. सरोज चूड़ामणि गोपाल, रुविवि के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ल और संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति ने मेडिकल और पैरामेडिकल के 321 डॉक्टर्स को उपाधि दीं। एमबीबीएस की टॉपर अनुराधा गौड़ रहीं। उनके साथ करीब 20 मेधावियों को पदक और नकद पुरस्कार राशि से नवाजा गया।

एसआरएमएस में पद्मश्री प्रो. सरोज चूड़ामणि गोपाल को सम्मानित करते संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति। साथ में रुविवि के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ल व डिग्री लेने के बाद खुशी मनाती छात्राएं • जागरण

मुख्य अतिथि डॉ. सरोज चूड़ामणि गोपाल ने डॉक्टर बने छात्रों को घमंड छोड़कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि देश में 493 मेडिकल कॉलेज हैं। इसमें इसमें 227 सरकारी और 266 निजी हैं। आबादी के लिए हमें 500 और कॉलेजों की जरूरत है। मेडिकल शिक्षा महंगी है, वह हर इंसान के वश से बाहर है। समाज-देश के लिए अपना फर्ज निभाएं। पढ़ें, रिसर्च करें, चिकित्सा में नई तकनीक अपनाएं।

विशिष्ट अतिथि रुविवि के कुलपति

दीक्षा समारोह

- चेयरमैन देवमूर्ति ने चिकित्सकों को गांवों में सेवा करने की दी सलाह
- समाज व देश के लिए अपना फर्ज निभाएं, नई तकनीक अपनाएं

प्रोफेसर अनिल शुक्ल ने छात्रों को डिग्री प्रदान करने की घोषणा की। सीख दी कि इंसान ही देवता है, आपको सेवा का सौभाग्य मिला है। खुद से और अपने पेशे से ईमानदारी बरतें। एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति ने चिकित्सकों को सहनशील, ईमानदार बने रहने की प्रेरणा दी। हर चिकित्सक से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं जरूर दें। प्राचार्य डॉ. एसबी गुप्ता ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कॉलेज से एमबीबीएस 2012, एमडी-एमएस 2014 और पैरामेडिकल के 2012 से 2014 बैच तक के स्टूडेंट्स पास आउट हुए हैं।

एमबीबीएस के टॉपर : एमबीबीएस की टॉपर अनुराधा को 51 हजार का पुरस्कार मिला। आयुषी त्यागी दूसरे, सय्यद मुहम्मद अकरम तीसरे स्थान पर रहे। इन तीनों को मेडल और पांच-पांच हजार की नगद पुरस्कार राशि से नवाजा गया है। शिवम जोशी बेस्ट आलराउंडर रहे।

सृष्टि को दो लाख की छात्रवृत्ति : एमबीबीएस बैच 2016 की टॉपर सृष्टि गुप्ता को दो लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी गई। आवंतिका छिंवाल को एक लाख और आशि गुप्ता को 50 हजार रुपये की स्कॉलरशिप दी गई।

पैरामेडिकल के टॉपर : बीएससी आरआइटी में जागृति ने टॉप रहीं, उन्हें गोल्ड मेडल और 11 हजार रुपये का पुरस्कार मिला। दूसरे स्थान पर कमलजीत कौर और तीसरे स्थान श्रद्धा गुप्ता रहीं। बीपीटी में परमिंदर कौर, आयुषी गुप्ता, सूरज भट्ट और बीएससी सीटी एमआरआइ में अंकिता को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रुचिका भटनागर ने किया।

चिकित्सा अधीक्षक ब्रिगेडियर डॉ. एसके हांडा ने धन्यवाद भाषण दिया। इस दौरान ट्रस्टी डॉ. आशा मूर्ति, प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति, रिचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. दीपा रानी, अर्पणा, प्रेरणा यादव, डॉ. एचओ अग्रवाल, उपमेश सक्सेना, डॉ. आइए खान आदि मौजूद रहे।